हिन्दुस्तान

# छापेमारी में टूंडला में नकली कीटनाशक बरामद मखचा हड़कंप

हिन्दुस्तान टीम,फिरोजाबाद | Published By: Newswrap

- Last updated: Sun, 07 Mar 2021 11:10 PM

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने पायरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया लिमिटेड के ऑपरेशन मैनेजर तथा उनकी टीम एवं पुलिस फोर्स के साथ थाना पचोखरा क्षेत्र में निहाल सिंह की पुलिया के निकट सिंह इंटरप्राइजेज पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान दुकान से नकली कीटनाशक दवा बरामद होने पर सैंपल लेने एवं सीज करने की कार्रवाई के साथ विक्रेता के खिलाफ एफआईआर को तहरीर दी गई है। कार्रवाईसे अन्य दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार ने पायरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया लिमटेड के आपरेशन मैनेजर हरीश कुमार शर्मा के साथ नकली कीटनाशक दवा की बिक्री पर निहाल सिंह की पुलिया में छापामारी कम्पनी के प्रतिनिधि के साथ की। कार्यवाही के दौरान ब्रांडेड कम्पनी पीआई इंडस्ट्रीज लि. कम्पनी के लेवल लगाकर बेची जा रही कीटनाशक दवा की जांच की। रविवार को दिल्ली से संचालित कम्पनी के प्रतिनिधि हरीश शर्मा चीफ इन्वेस्टिगेटर, टीटू शर्मा चीफ इन्वेस्टिगेटर, हरीश कुमार शर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस उप निरीक्षक राम कृष्ण, कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार के साथ निहाल सिंह की पुलिया में सिंह इंटरप्राइजेज पर छापामारी की। छापामारी के दौरान भारी मात्रा में नकली बायोविटा की 19 सीसी मिली। इसमें प्रत्येक का वजन 500 मिलीलीटर है। दुकानदार और माल को थाना लाकर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने तीन पैकेट नमूने के तौर पर प्रयोगशाला सील मोहर लगा कर जांच के लिए भेज दिया। बाकी माल बायोबीटा के 16 सीसी सील मोहर लगा कर थाना टूडला में जमा कर दिया। पायरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया के आपरेशन मैनेजर टीटू शर्मा के अनुसार नकली कीटनाशक दवा बेचने वाले के खिलाफ थाना पचोखरा में कापी राइट व ट्रेडमार्क एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/firozabad/story-fake-pesticide-recovered-in-tundla-in-raid-3897562.html